समाचार संक्षेप

अनिता नंदी बनी पीसीसीएफ

रायपुर, 25 फरवरी । भारतीय वन सेवा की अफसर श्रीमती अनिता नंदी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (वन्यप्राणली) अरण्य भवन नवा रायपुर अटल नगर को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदोन्तति दी गई है। उक्ताशय का आदेश संयुक्त सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय से जारी हो गया है।

विक्रम सिसौदिया बने डा. रमन सिंह के सचिव

रायपुर, 25 फरवरी । विक्रम सिंह सिसौदिया को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक विक्रम सिसौदिया को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम-2012 के तहत 1 फरवरी 2024 से डॉ. रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष के कार्यकाल तक विधानसभा अध्यक्ष के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। विक्रम सिसौदिया तब से डॉ. रमन सिंह के साथ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में जुड़े हुए हैं, जब वे केंद्रीय मंत्री थे। साल 2003 में डॉ रमन सिंह के मुख्यमंत्री बनने के बाद वे उनके ओएसडी बने रहे।

आईएएस यशवंत कुमार बने राज्यपाल के सचिव,हटाए गए अमृत खलको

रायपुर, 25 फरवरी । राज्य शासन ने राज्यपाल के सचिव पद से आईएएस अमृत खलको को हटाकर उनके स्थान पर आईएएस यशवंत कुमार को नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश 22 फरवरी की देर रात जारी किया। आदेश के मुताबिक यशवंत कुमार को राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार, 2007 बैच के द्वस् यशवंत कुमार संचालक ग्रामोद्योग, अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड, प्रबंध संचालक हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, प्रबंध संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग हैं। उन्हें वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यशवंत कुमार वर्ष 2007 बैच के आईएएस अफसर हैं। यशवंत पूर्व में भी 46 वें कलेक्टर के रुप में रायगढ़ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साल 2012 में सारंगढ़ एसडीएम के अलावा वे जिला पंचायत रायगढ़ के सीईओ भी थे। इसके बाद पहली बार बीजापुर में कलेक्टर के रूप में उन्होंने अपनी सेवाएं दी थी।

स्टेट जीएसटी ने तीन दिनों में की पूरे प्रदेश में कई बड़ी कार्रवाई

रायपुर, 25 फरवरी । छत्तीसगढ़ के स्टेट जीएसटी विभाग ने प्रदेश के कई स्थानों पर पिछले तीन दिनों में औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने सभी संभागों के कई स्थानों पर छापा मारकर करोड़ों रूपयों के टैक्स की चोरी पकड़ी है। विभाग द्वारा न केवल आई टी टूल्स का प्रयोग कर चोरी पकड़ने में किया जा रहा है बल्कि ई-वे-बिल की जांच से प्राप्त सूचनाओं, फील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि इस बार छत्तीसगढ़ के बजट में राज्य कर विभाग के अंतर्गत बिज़नस इंटेलिजेंस यूनिट के गठन का भी उल्लेख किया गया है इसमे आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर टैक्स चोरी रोकने के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा।

स्टेट जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जांजगीर और मनेन्द्रगढ़ में 11 व्यापारियों आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर, ए. एस. माइनिंग मनेन्द्रगढ़, स्काइ अलोय एंड पावर लिमिटेड रायगढ़, केंडिड सिक्योरिटी रायपुर, पिलानिया स्टील दुर्ग, पिलानिया इंडस्ट्रीज़ दुर्ग, रेफ़्लेक्स इंडस्ट्रीज़ जांजगीर, अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर, श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़ रायपुर, ईश्वर इस्पात, रायपुर एवं ईश्वर टीएमटी के यहाँ छापा मार कर लगभग 7 करोड़ 60 लाख रूपए का टैक्स मौके पर ही पकड़कर उसे सरेंडर करवाया। जीएसटी विभाग कर चोरी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उनके द्वारा एडवांस आईटी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। उनके द्वारा ईवे बिल जांच की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जा रही है, जिसके लिए विभिन्न टीमें गठित की गई है। केवल फरवरी माह में ही अब तक टीमों द्वारा रायपुर संभाग में 33, बिलासपुर संभाग मे 34 और दुर्ग संभाग में 9 गाड़ियों को ई वे बिल मे अनियमितता पाये जाने पर जब्त किया गया है। इनमे से 28 गाड़ियों से लगभग 57 लाख रु की पेनाल्टी भी वसूल की जा चुकी है। शेष गाड़ियों पर कार्रवाई अभी जारी है। बोगस फ़र्में बनाकर उनके नाम से माल परिवाहित करने वालों पर विभाग की विशेष नजर है।

आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर के ठेकेदारों का बिटुमिन सप्लाई करने और ट्रांसपोर्ट का भी व्यवसाय है। इनके द्वारा आईटीसी का बोगस क्लेम अपने रिटर्न मे किया गया था। इन्होने लगभग ढाई करोड़ रूपए कम टैक्स जमा करना स्वीकार करते हुये 1 करोड़ रूपए मौके पर ही सरेंडर किया है। रायपुर के ही केंडिड सिक्योरिटी सर्विसेस ने भी अपने रिटर्न मे टैक्स जमा नहीं किया था। छापा मारे जाने पर इनके जाने पर लगभग 3.5 करोड़ रु का टैक्स नहीं जमा किया जाना स्वीकार करते हुए 1 करोड़ रूपए मौके पर ही जमा किया गया।

ए. एस. माइनिंग द्वारा परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर फ़र्म बनाकर सर्क्युलर ट्रेडिंग करते हुये टैक्स की देनदारी छिपाई जा रही थी। इनके मनेन्द्रगढ़ और रायपुर स्थित कार्यालयों मे अधिकारियों द्वारा छापा मारे जाने पर इन्होंने मौके पर ही 30 लाख रूपए जमा किए। अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर पर भी अधिकारियों द्वारा छापा मार कर 30 लाख रूपए जमा कराया गया। स्काइ अलोय एंड पावर लि. रायगढ़ में जांच पर स्टॉक में अंतर, टर्नओवर छिपाने और गलत आई टीसी लेना पाया गया। व्यवसायी द्वारा 60 लाख रूपए टैक्स तुरंत जमा कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि अभी आगे दस्तावेजों की जांच से टैक्स की राशि और बढ़ेगी। दुर्ग के पिलानिया इंडस्ट्रीज़ और पिलानिया स्टील्स पर भी छापेमारी की गई यहाँ भी टर्नओवर कम दिखा कर कम टैक्स जमा किए जाने की बात सामने आई है।

श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़, ईश्वर इस्पात एवं ईश्वर टीएमटी द्वारा कच्चे मे स्क्रैप की खरीदी कर सरिया बनाया जा रहा था और जी एस टी की चोरी की जा रही थी। श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़ द्वारा 5 करोड़ रूपए का जीएसटी कम जमा करना स्वीकार करते हुये 3 करोड़ रूपए टैक्स मौके पर ही जमा किया गया इसी तरह ईश्वर इस्पात और ईश्वर टीएमटी द्वारा भी क्रमशः 46 लाख रूपए और 1.25 करोड़ रूपए का टैक्स तत्काल जमा किया गया।

जांजगीर के अधिकारियों की टीम ने रेफ़्लेक्स इंडस्ट्रीज़ के ऑफ़िस मे भी जांच की है। यह फ़र्म पावर प्लांट से कोल एश की हैंडिलिंग के साथ साथ कोयले की ट्रेडिंग से भी जुड़ी हुई है। कंपनी का मुख्यालय चेन्नई में है यहाँ केवल कर्मचारी काम देखते हैं। इसमे भी बड़ी कर चोरी पकड़े जाने की संभावना है।

एचएएल ने जगन्नाथ सागर के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण की जिम्मेदारी ली, अगले दो साल में 6 करोड़ रूपये खर्च करेगा

सुनाबेड़ा 25 फरवरी (दंडकारण्य समाचार)। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) कोरापुट जिले के जयपुर स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ सागर के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण के लिए छह करोड़ रुपये और खर्च करने जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को एचएएल कोरापुट डिवीजन और जयपुर नगर पालिका के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार, एचएएल अपने सीएसआर फंड से दूसरे चरण में 6 करोड़ रुपये का वितरण करेगा। गौरतलब है कि 30 अप्रैल, 2022 को हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, एचएएल जगन्नाथ सागर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए कुल 7 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा।पहले चरण में एक करोड़ रुपये दिए गए और इस ऐतिहासिक झील के आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए अगले दो वर्षों में 6 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया गया है. नवीनीकरण का काम 31 मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। एचएएल कोरापुट डिवीजन के महा प्रबंधक सुधांशु मोहन जेना ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों के तहत् एच ए एल द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनकल्याण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।जयपुर नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र महांती ने एचएएल द्वारा किए गए इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। एचएएल की ओर से कोरापुट एचएएल इंजन डिवीजन के महा प्रबंधक शिशिर कुमार पात्र और जयपुर नगर पालिका की ओर से कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पटनायक ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर जयपुर नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र महांती, उपाध्यक्ष बी. सुनीता, जिला शहरी विकास एजेंसी के परियोजना निदेशक देवी प्रसाद ताली, सुनाबेडा नगर पालिका के कार्यवाही अधिकारी नारायण नायक, सुनाबेडा एचएएल कोरापुट डिवीजन के महा प्रबंधक सुदांशु मोहन जेना, एचएएल सुखेई इंजन विभाग के महा प्रबंधक, आरएमके चौधरी, एचएएल मानव संसाधन विभाग के उप महा प्रबंधक भवानी शंकर शा, मुख्य प्रबंधक डीपी वाकडीकर, वरिष्ठ प्रबंधक पी. नटराज एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन एचएएल की वरिष्ठ प्रबंधक स्मिता महापात्र ने किया।

वन मंत्री केदार कश्यप के विभागों के लिए 5608 करोड़ रूपए से अधिक की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित

प्रदेश में इको-टूरिज्म बोर्ड की होगी स्थापना

रायपुर, 25 फरवरी । वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के विभागों के लिए आज 5608 करोड़ 54 लाख 69 हजार रूपए की अनुदान मांगें छत्तीसगढ़ विधानसभा में ध्वनिमत से पारित कर दी गई। इनमें वन विभाग के लिए 2832 करोड़ 30 लाख 64 हजार रूपए, सहकारिता विभाग के लिए 254 करोड़ 76 लाख 57 हजार रूपए, जल संसाधन विभाग के लिए 1413 करोड़ 26 लाख 58 हजार रूपए, लघु सिंचाई निर्माण कार्य हेतु 698 करोड़ 19 लाख 90 हजार रूपए, जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 57 करोड़ रूपए और नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 353 करोड़ एक लाख रूपए शामिल हैं।

वन मंत्री केदार कश्यप ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि प्रदेश में लगभग 44.24 प्रतिशत वन क्षेत्र हैं। यहां मुख्यतः आर्द्र एवं शुष्क साल और सागौन प्रजाति के वनों के साथ ही शुष्क मिश्रित वन एवं बांस के वन पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही आदिवासी भाईयों की चिंता करते हुए उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रयत्नशील है। इसके लिए 2832 करोड़ रूपए से भी अधिक की राशि का बजट प्रावधान अगले वित्तीय वर्ष में किया गया है। प्रदेश में हरियाली के प्रसार हेतु वन क्षेत्रों में 'हरियर छत्तीसगढ़' योजना के तहत 2431 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 लाख से अधिक पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। प्राकृतिक पुनरोत्पादन के संरक्षण के लिए 240 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। इसी तरह बांस वनों के संवर्धन के लिए 68 करोड़ 89 लाख रूपए और बिगड़े वनों के सुधार के लिए 272 करोड़ 4 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। नदी तट वृक्षारोपण योजना के तहत नदी तटों पर भू-क्षरण रोकने के उद्देश्य से अधिक से अधिक पौधों के रोपण हेतु वर्ष 2024-25 में 7 करोड़ 47 लाख रूपए का प्रावधान है। भू-संरक्षण एवं बाढ़ नियंत्रण संबंधी कार्य हेतु 119 करोड़ 27 लाख रूपए, पर्यावरण वानिकी के लिए 40 करोड़ रूपए, पथ वृक्षारोपण के लिए 7 करोड़ रूपए, वन मार्गों पर रपटा एवं पुलिया निर्माण के लिए 8 करोड़ 60 लाख रूपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार वनों में मवेशियों के चारागाह हेतु चराई इकाईयों और घास मैदानों की स्थापना के लिए भी विशेष कार्य कर रही है। मवेशियों के लिए स्थायी चारागाह की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी इस बजट में प्रावधान किया गया है।

26 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे दुर्ग जिले की रेलवे अधोसंरचना को करोड़ों रुपयों की सौगात - जितेन्द्र वर्मा

दुर्ग, 25 फरवरी । आगामी 26 फरवरी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के 550 अमृत भारत स्टेशन के शिलान्यास के साथ-साथ रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश की जनता से जुड़ेंगे। दुर्ग जिले के रेल इतिहास का ये सबसे खास दिन साबित होगा जब दुर्ग जिले में 10 से अधिक विकास कार्यों की सौगात रेलवे क्षेत्र को मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले शिलान्यास और लोकार्पणों का स्थानीय स्तर पर एलईडी के माध्यम से अलग-अलग स्थान में वर्चुअल कार्यक्रम होगा, जिसमें जनता और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल होंगे। स्थानीय स्तर पर प्रातः 10:45 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12:20 बजे जुड़कर लोकार्पण शिलान्यास के साथ अपना उदबोधन देंगे। दुर्ग जिले में अलग-अलग स्थान पर वर्चुअल माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रेलवे के अधिकारियों से समन्वय हेतु जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक और जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाण्डे को प्रभार दिया गया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज के लिए कार्यक्रम होगा इसी प्रकार दुर्ग शहर में ही उरला और बघेरा के अंडरब्रिज का संयुक्त कार्यक्रम उरला में रेलवे क्रॉसिंग पर सिद्धेश्वर मंदिर के पास होगा।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मशाल रैली निकालेंगे 27 को

रायपुर, 25 फरवरी । लालपुर कवर्धा निवासी गौ सेवक साधराम यादव एवं बिरनपुर साजा निवासी भुनेश्वर साहू के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सनातन समाज की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल 27 फरवरी को शाम पांच बजे बीटीआई मैदान से कालीमाई मंदिर आकाशवाणी तक मशाल यात्रा निकालेगी। मशाल यात्रा में दोनों संगठनों के 7 सौ से आठ सौ सदस्य शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश महामंत्री दीपक दुबे एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भीमसाव ने दी। पत्रकारवार्ता में साहू एवं दुबे ने बताया कि संपूर्ण देश में इन दिनों अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा टारगेट किलिंग चलाने का अभियान चल रहा है जिस पर शासन प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई नहीं की है। 7 सूत्रीय मांगों की जानकारी देते हुए वार्ताकारों ने बताया कि वे भुनेश्वर साहू तथा सादराम यादव के हत्यारों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग राज्य शासन से करते है साथ ही दोनों मृतक परिवारों को एक एक करोड़ की मुआवजा राशि तथा परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग करते है। दुबे एवं साहू के अनुसार प्रदेश एवं देश में लवजिहाद तथा लैंड जिहाद के खिलाफ कानून बनाकर कार्रवाई की जाए। गौ हत्या पूर्ण प्रतिबंध लगाकर गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष योजना बनाई जाए। धर्मांतरण में अंकुश लगाए जाने की दिशा में सरकार गंभीर रूप से कार्रवाई करें। अन्य प्रांतों की तरह छत्तीसगढ़ में भी टारगेट किलिंग जैसे अपराध बढ़ रहे हैं जिस पर केंद्र एवं राज्य सरकार को कड़े कानून बनाना चाहिए। धार्मिक स्थल एवं चिकित्सा संस्थानों के आसपास लाउडीस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो। उक्त मांगों को लेकर दोनों संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।

खाद्य मंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 70 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

रायपुर, 25 फ़रवरी । बेमेतरा ज़िले के विकासखंड नवागढ़ के संबलपुर के हायर सेकण्ड्री स्कूल परिसर में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 70 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए अपनी शुभकामना दी और उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारो के लिए वरदान है। इस योजना के माध्यम से फ़िज़ूल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा।''खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि शादी सामजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अंग है। वर-वधु का नहीं बल्कि दो परिवारों का एक होना भी है। उन्होंने कहा कि समाज में हम सब की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, चाहे वो सामाजिक, संस्कृति, आर्थिक किसी भी क्षेत्र में हो।

मोदी की गारंटी पर अमल करने फेडरेशन ने 33 जिला एवं 146 ब्लॉक में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

दुर्ग, 25 फरवरी ।प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे मोदी की गारंटी पर अमल करने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को फेडरेशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन के घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने राज्यव्यापी रैली-प्रदर्शन किया । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, संयोजक विजय लहरे एवं प्रवक्ता अनुरूप साहू ने बताया कि फेडरेशन का एक ही सूत्र है- अन्याय के विरुद्ध संघर्ष । कर्मचारियों के साथ जब-जब अन्याय होगा,तब-तब फेडरेशन का आंदोलन होगा।उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे मोदी की गारंटी में घोषणा किया गया था कि सरकार बनने पर शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान महँगाई भत्ता एवं महँगाई राहत दिया जायेगा। लंबित डी ए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जी पी एफ खाते में समयोजित किया जायेगा।

बाइक सवार बस से टकराया, मौत

रायपुर, 25 फरवरी जोरा ओव्हरब्रीज पर बाइक सवार खड़ी बस से जा टकराया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी व दो बच्चे घायल है। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

खेत के किनारे बंजर जमीन पर छोटे-छोटे सोलर प्लांट लगाने सरकार करेगी मदद

दुर्ग, 25 फरवरी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेल मंत्रालय अंतर्गत 583 करोड़ रूपए के 2 प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया, जिसमें 280 करोड़ रूपए की लागत से 50 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना से रेलगाड़ियाँ चलाने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग होगा, हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। भिलाई चरौदा में भारतीय रेल का सबसे अधिक सोलर क्षमता वाला प्लांट है। इससे आसपास के लोगों को बिजली मिलेगी। भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पावर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। उनका लक्ष्य हर घर को सूर्य घर बनाना है। हर परिवार को घर में बिजली बनाकर वहीं बिजली बेचकर कमाई का साधन बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना शुरू की है।

OFFICE OF THE COLLECTOR
JILA NIRMAN SAMITI, JAGDALPUR DISTT. BASTAR (C.G.)

Memo No. 1172 /JNS/2024/Jagdalpur Date 21.02.2024

e-Procurement Tender Notice
Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

NIT No. - 10 Dated 21.02.2024
Last date Submission of Bid Documents - 01.03.2024

Tender No.	Name of Work	PAC (in lakh)	EMD	Calls
1	2	3	4	5
153202	Construction of Nalanda Education Center at Jagdalpur i/c Electrification work	922.22	462000/-	1st call

(Nodal Officer)
Jila Nirman Samiti
E.E. P. W.D. (B/R)
North Bastar Div, no. 1 Jagdalpur

G-08032/3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि:- 22.02.2024

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें https:// eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - स.क्रं. 1 से 3 पत्थलगांव संभाग
03. स.क्रं. - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 13.03.2024

सरल क्रं.	एन.आई.टी.क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	192	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्गों में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	50.00
2	193	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गों में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	40.00
3	194	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	30.00

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी- 08041/3

छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाये अनुसार ईमारती नये/पुराने काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 04.03.2024
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10: 00 बजे पूर्वान्ह से

प्रजाति	नयी काष्ठ			पुरानी काष्ठ		
	नग	घ.मी.	बल्ली/डेगरी	नग	घ.मी.	बल्ली/डेगरी
सागौन	803	117.582	34/68	2602	221.563	66/462
साल	556	87.595	4	200	30.504	10/30
बीजा	81	11.624	0	135	18.283	3/10
साजा	110	11.814	2	67	6.698	0
हल्दू	33	8.358	4	68	10.452	4/8
धावड़ा	28	3.542	11	17	1.818	1
सिवना	10	0.834	0	4	0.432	0
शीशम	5	0.363	0	0	0.000	0
तिन्सा	2	0.175	3	0	0.000	0
अकेशिया	30	1.332	2/3	0	0.000	0
अन्य	206	25.161	95/9	144	24.645	6/3
योग:-	**1864**	**268.380**	**149/86**	**3237**	**314.395**	**90/513**

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्तें एवं विस्तृत जानकारियाँ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई नये/ पुराने ईमारती काष्ठ का श्रेणी को भली-भांति देख लेवें। वर्ष-2024 का व्यापार पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं फर्म का पेन नम्बर/ जी.एस.टी, नम्बर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि का भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बड़ौदा बैंक, देना बैंक, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक, चेक के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

जी-08019/4